प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 19.05.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज अलवर में तिरंगा यात्रा में भाग लेंगे–किसानों और पशुपालकों के सम्मेलन को संबोधित भी करेंगे।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज कोटा के एमबीएस अस्पताल में 'प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र' का शुभारम्भ करेंगे।
- राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आरएएस भर्ती 2023 के साक्षात्कार का तीसरा चरण आज से शुरू हो रहा है।
- प्रदेश में भीषण गर्मी और लू के कारण जनजीवन पर व्यापक असर।

0000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज अलवर जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान श्री शर्मा मोतीडूंगरी में महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। मुख्यमंत्री इसके बाद मोतीडूंगरी से सरस डेयरी तक निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा में भाग लेंगे। बाद में श्री शर्मा सरस डेयरी ग्राउंड पर 23 करोड़ 27 लाख रुपए की लागत से सिलीसेढ़ से अलवर शहर को 35 बोरिंगों के माध्यम से पानी लाने की योजना का उद्घाटन करेंगे। वे अलवर संघ दुग्ध दिवस पर आयोजित किसान और पशुपालकों के सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा, गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, सहकारिता मंत्री गौतम दक, देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत और वन राज्यमंत्री संजय शर्मा भी मौजूद रहेंगे ।

0000

भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता को लेकर प्रदेशभर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। कल मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर के सांगानेर में आयोजित तिरंगा यात्रा में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पूरे देश में सेना के जवानों के सम्मान में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही है। देशवासी सेना के साथ खड़े है।

------

जोधपुर में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। जालोरी गेट पर तिरंगा यात्रा का शुभारंभ करते हुए केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि देश की सीमा पर खड़े हर प्रहरी के पीछे 140 करोड़ देशवासियों की ताकत है। अजमेर में तिरंगा यात्रा में हजारों नागरिकों ने भाग लेकर सेना के पराक्रम के प्रति अपनी अटूट आस्था और समर्थन व्यक्त किया। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा की गई। इसी कडी में पाली में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। ये यात्रा प्रताप बाजार स्थित हनुमान मंदिर से शुरू हुई, जहां जगह–जगह पुष्प वर्षा कर तिरंगा यात्रा का स्वागत किया गया। चूरू में बागला खेल मैदान से स्वामी गोपालदास चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें आमजन के अलावा पूर्व सैनिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनो के कार्यकर्ता और धार्मिक क्षेत्र से जुड़े हुऐ लोग शामिल हुए।

00000

भारतीय सेना ने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम कल समाप्त होने का दावा करने वाली रिपोर्टों को खारिज कर दिया है। सेना के अनुसार 18 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संचालन महानिदेशक स्तर की कोई वार्ता निर्धारित नहीं थी। 12 मई को महानिदेशकों के बीच बातचीत में तय किए गए संघर्ष विराम को जारी रखने की कोई समाप्ति तिथि नहीं है। दोनों देशों के बीच सैन्य संचालन महानिदेशक स्तर की पिछली वार्ता 12 मई को हुई थी। वार्ता के दौरान, दोनों पक्ष ने एक भी गोली नहीं चलाने या एक–दूसरे के खिलाफ कोई आक्रामक और शत्रुतापूर्ण कार्रवाई नहीं करने की प्रतिबद्धता व्यात्त की थी। इस बात पर भी सहमति हुई कि दोनों पक्ष सीमाओं और अग्रिम क्षेत्रों से सैनिकों की संख्या में कमी करने के लिए तत्काल उपायों पर विचार करें।

00000

विदेश सचिव विक्रम मिसरी आज भारत और पाकिस्तान के संबंध में वर्तमान विदेश नीति विकास पर संसदीय स्थायी समिति को जानकारी देंगे। विदेश सचिव, ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद पाकिस्तान के साथ युद्ध विराम की घोषणा पर भी समिति को जानकारी देंगे।

00000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज कोटा के एमबीएस अस्पताल में स्थापित 'प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र' का शुभारम्भ करेंगे और दिव्यांगजन को सहायक उपकरण वितरित करेंगे। यह दिव्याशा केन्द्र पंजीकरण, मेडिकल असेसमेंट और त्वरित वितरण की प्रक्रिया के साथ एक ही दिन में सहायता देने में सक्षम होगा।

----

0000

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आरएएस भर्ती 2023 के साक्षात्कार का तीसरा चरण आज से शुरू हो रहा है। ये साक्षात्कार 28 मई तक आयोजित किये जायेंगे। आयोग के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि 972 पदों के लिये हो रहे इन साक्षात्कारों के दो चरण हो चुके है। उन्होंने बताया कि परीक्षा का परिणाम दो जनवरी को जारी कर दिया गया था। जिसमें दो हजार एक सौ अड़सठ अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की थी।

0000

पाली में राजसमंद जिले के पिपलांत्री गांव के विकास मॉडल की तर्ज पर सृजन की सुरक्षा ईको फेमिनिज्म योजना शुरू की गई है। इसके तहत जिले के गिरादड़ा गांव का चयन किया गया है। योजना के तहत पर्यावरण संरक्षण को लेकर गांव में हर बालिका के जन्म पर 11 पौधे लगाये जायेंगे। इन पौधो की देखभाल और पोषण सामूदायिक भागीदारी से की जायेगी।

----

0000

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू के कारण जनजीवन पर व्यापक असर पड रहा है। राज्य के अधिकतर स्थानों पर तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है। पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा 46 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस तापमान श्रीगंगानगर और पिलानी में दर्ज किया गया। चूरू में 45 दशमलव 8, वनस्थली में 45 दशमलव 2, बीकानेर में 44 दशमलव 4, राजधानी जयपुर और कोटा में 44, जैसलमेर में 43 दशमलव 8 और झुंझुनूं में 43 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस तापमान दर्ज किया गया। हनुमानगढ में तेज गर्मी के कारण कल दिन में बाजार सूने रहे।

-----

मौसम विभाग के अनुसार आगामी चार–पांच दिन बीकानेर, जोधपुर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र के कुछ भागों में हीटवेव का दौर जारी रहने की संभावना है। बीकानेर शहर में कहीं–कहीं ऊष्ण रात्रि रिकॉर्ड होने की आशंका है। वहीं जोधपुर और बीकानेर संभाग के सीमावर्ती क्षेत्रों में आगामी तीन–चार दिन धूलभरी हवायें चलने की संभावना है। उदयपुर, अजमेर और कोटा संभाग के कुछ भागों में आज से 25 मई तक कहीं–कहीं मेघ गर्जन, हल्की बारिश और आंधी चलने के आसार है।

0000

आईपीएल क्रिकेट में कल जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में हुए राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स के मैच में पंजाब किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स को 10 रन से हरा दिया। 220 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान की टीम निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 209 रन ही बना सकी।

0000